हिन्दुस्तान

फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, विक्रम सम्वत् 2067, मंगलवार, 1 मार्च 2011, मूल्य 2.00 रुपए

www.livehindustan.com

कुमाऊं वर्ष 1, अंक 1, 16 पेज

रोशनी संग रोजगार देगी सोलर ऊर्जा

ग्रीन ऑस्कर विजेता डा. एसपी गौन चौधरी का कहना है कि यही है सही विकल्प

कार्यालय संवाददाता

नैनीताल

डीजल-पेट्रोल के सीमित भंडारों को देखते हुए समय रहते ऊर्जा के नए विकल्पों की तलाश व विकास बेहद जरूरी है। सोलर ऊर्जा इसका सर्वाधिक कारगर व विश्वसनीय विकल्प बन सकता है। इससे जहां देश के कराड़ों घरों को रोशन किया जा सकता है वहीं बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराया जा सकता है।

यह कहना है एमबीआरटी के चेयरमैन तथा ग्रीन आस्कर विजेता डा. एसपी गौन चौधरी का। यहां स्केल संस्था द्वारा आयोजित सोलर लालटेन प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर विशेषज्ञ पहुंचे श्री चौधरी ने एक बातचीत में कहा कि देश में आज भी हर रात 22 करोड़ लालटेन जलती हैं और इसमें करोड़ों रुपए का केरोसिन हर रोज जलता है।

ऐसे में सोलर लालटेन को बढ़ावा देकर जहां देश में राजस्व की भारी बचत हो सकती है वहीं पर्यावरण को प्रदूषण से बचाया भी जा सकता है। श्री चौधरी ने कहा कि देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ ऊर्जा की भी मांग तेजी से पड़ रही है। ऐसे में हमें ऊर्जा के परंपरागत श्रोतों के साथ ही नए विकल्पों के विकास पर भी ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि पनबिजली, परमाणु व कोयला आधारित ऊर्जा योजनाओं को एक सीमा तक ही बढ़ाया जा सकता है। ये योजनाएं महंगी होने के साथ ही प्रदूषण को भी बढ़ाती हैं। ऐसे में सोलर ऊर्जा बेहद कारगर हो सकती हैं। स्थानीय संस्था स्केल में संचालित लोलर लालटेन प्रशिक्षण के संबंध में डा. चौधरी ने कहा कि इस प्रशिक्षण के बाद युवा अपना खुद का कारोबार शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक सोलर लालटेन बनाने में मात्र 11 सौ रुपए का खर्चा आता है। इसमें लैंप के साथ ही चार्जिंग पैनल का खर्च भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सोलर लालटेन बनाने की फैक्ट्री मात्र एक कमरे में लगाई जा सकती है और इसके लिए नाबार्ड के माध्यम से ऋण भी लिया जा सकता है। इस मौके पर स्केल संस्था के सचिव अरुण सिंन्हा, प्रदीप नेगी आदि उपस्थित थे।